नेपाल की मुद्रा पर भारतीय क्षेत्रों का चित्रण

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

हाल ही में **नेपाल** सरकार ने **100 रुपए के नए नोट** की छपाई की घोषणा की है, जिसमें **लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी** क्षेत्रों को देश के मानचित्र में दिखाया जाएगा। नेपाल के इस तरह के कार्य को भारत पहले ही **'कृत्रिम विस्तार'** (Artificial Enlargement) और **'असमर्थनीय' (Untenable)** करार दे चुका है।

भारत ने नेपाल के निर्णय पर सख्त प्रतिक्रिया व्यक्त की है तथा भारत के विदेश मंत्री ने कहा कि इससे **स्थिति या वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं** आएगा।

भारत और नेपाल के बीच किन क्षेत्रों को लेकर सीमा-विवाद है?

- **परिचय:**
  - वर्तमान में भारत व नेपाल के मध्य **कालापानी-लिंपियाधुरा-लिपुलेख त्रि-जंक्शन** और सुस्ता क्षेत्र **(पश्चिमी चंपारण ज़िला, बिहार)** को लेकर सीमा विवाद है।
- **कालापानी-लिंपियाधुरा-लिपुलेख त्रि-जंक्शन (कालापानी क्षेत्र):**
  - यह नेपाल के उत्तर-पश्चिमी भाग में स्थित **35 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र** है, जो उस त्रि-जंक्शन के पास है जहाँ भारत, नेपाल और चीन की सीमाएँ मिलती हैं।
  - **कालापानी** एक **घाटी** है जो उत्तराखंड के पिथौरागढ़ ज़िले के एक हिस्से के रूप में **भारत द्वारा प्रशासित** है। यह **कैलाश मानसरोवर मार्ग पर स्थित** है।
  - कालापानी **20,000 फीट से अधिक की ऊँचाई पर** स्थित है और उस क्षेत्र के लिये एक **निगरानी चौकी** के रूप में कार्य करता है।
  - कालापानी क्षेत्र में भारत और नेपाल के बीच **सीमा निर्धारण काली नदी द्वारा** होता है।
  - **नेपाल साम्राज्य और ब्रिटिश भारत (एंग्लो-नेपाली युद्ध के बाद)** ने वर्ष **1816** में सुगौली की संधि पर हस्ताक्षर किये थे।
    - संधि में काली नदी (या महाकाली नदी) को नेपाल की पश्चिमी सीमा निर्धारित किया गया।
    - संधि द्वारा **काली नदी के पूर्व की भूमि नेपाल के नियंत्रण में** आ गई, जबकि **नदी के पश्चिम का क्षेत्र ब्रिटिश भारत (वर्तमान भारत) का हिस्सा बन गया।**
  - **काली नदी के उद्गम स्थल के निर्धारण में विसंगति के कारण** भारत और नेपाल के बीच सीमा विवाद उत्पन्न हो गया तथा दोनों देश अपने-अपने दावों के समर्थन में विभिन्न मानचित्र प्रस्तुत करते रहे।

//

- **कालापानी क्षेत्र पर भारत और नेपाल के दावे:**
  - **नेपाल का रुख:**
    - नेपाल के दावों के अनुसार, काली नदी **का उद्गम लिपुलेख दर्रे** के उत्तर-पश्चिम में **लिम्पियाधुरा की एक धारा से** होता है। इस प्रकार कालापानी, लिम्पियाधुरा और लिपुलेख नदी के पूर्व में स्थित हैं और **नेपाल के धारचूला ज़िले का हिस्सा** हैं।
    - वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद **राजा महेंद्र ने कालापानी का क्षेत्र भारत को देने का प्रस्ताव रखा** था, जो चीन से
  - खतरे को देखते हुए भारत की सुरक्षा में मदद करना चाहते थे।
  - **भारत का रुख:**
    - भारत का दावा है कि **काली नदी का उद्गम लिपुलेख दर्रे के काफी नीचे स्थित झरनों से** होता है, जिससे कालापानी क्षेत्र प्रभावी रूप से भारत के नियंत्रण में आ जाता है।
      - सुगौली की संधि इन धाराओं के उत्तर में स्थित क्षेत्रों का सीमांकन नहीं करती है।
    - **उन्नीसवीं सदी के प्रशासनिक और राजस्व अभिलेखों** से भी पता चलता है कि कालापानी भारत का क्षेत्र था और उत्तराखंड

के पिथौरागढ़ ज़िले का भाग माना जाता था।

- **सुस्ता क्षेत्र:**
  - **सुगौली की संधि** ने [गंडक नदी](#) को भारत और नेपाल के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा के रूप में परिभाषित किया।
  - **नदी का दक्षिणी तट नेपाल के नियंत्रण में** था जबकि **बायाँ तट भारत के नियंत्रण में** था।
  - **संधि पर हस्ताक्षर किये जाने के समय सुस्ता गाँव दाएँ तट पर** था और यह **नेपाल का भाग** था।
  - हालाँकि, **विगत कुछ वर्षों में गंडक नदी के अपवाह मार्ग में परिवर्तन के परिणामस्वरुप सुस्ता क्षेत्र बाएँ तट पर चला गया** और अब यह **भारत के नियंत्रण में** है।

निष्कर्ष:

- यद्यपि दोनों देश अपने दावों के समर्थन में सुगौली संधि के ऐतिहासिक दस्तावेज़ और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हैं, लेकिन इस समस्या का समाधान अभी भी कठिन बना हुआ है
- रचनात्मक वार्ता और साझा पृष्ठभूमि तैयार करने की आकाँक्षा लंबे समय से चले आ रहे इस मुद्दे को सुलझाने तथा नेपाल व भारत के बीच मज़बूत संबंधों को बढ़ावा देने की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हो सकती है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2016)

1. कुर्द - बांग्लादेश
2. मधेसी -नेपाल
3. रोहिंग्या - म्याँमार

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 2
(d) केवल 3

उत्तर: (c)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nepal-s-currency-featured-kalapani-region